आत तत्काल/समयबद्ध

रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग/सैन्य कार्य विभाग
राजभाषा प्रभाग

विषयः- हिंदी कार्य (मासिक) प्रतियोगिता : 2023 (01 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक)

रक्षा मंत्रालय में सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को प्रोत्साहित करने/बढ़ावा देने के लिए विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दिनांक 14 सितंबर से 28 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है । गत वर्ष की तरह इस दौरान हिंदी पखवाड़े में अन्य प्रतियोगिताओं के अलावा **हिंदी कार्य (मासिक) प्रतियोगिता** आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है ।

इसके अंतर्गत पुरस्कार **दिनांक 01 सितंबर से 30 सितंबर, 2023 तक एक मास की अवधि के दौरान** रक्षा मंत्रालय के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों (राजभाषा प्रभाग के कार्मिकों को छोड़कर) में से अपना सर्वाधिक कार्य हिंदी में करने वाले प्रथम छह व्यक्तियों को निम्नलिखित पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगाः-

प्रथम पुरस्कार	3000/- रुपए
द्वितीय पुरस्कार	2000/- रुपए
तृतीय पुरस्कार	1500/- रुपए
प्रोत्साहन पुरस्कार (3)	1000/- रुपए

2. **शर्तें/पात्रता :** इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को उपर्युक्त अवधि में अपने सरकारी कामकाज यथा, टिप्पण व प्रारूप लेखन, इत्यादि में इस्तेमाल किए गए कुल हिंदी शब्दों की संख्या का दैनिक ब्यौरा/रिकार्ड रखना होगा और प्रतियोगिता-अवधि के अंत में उक्त रिकार्ड को अपने उप सचिव/निदेशक द्वारा सत्यापित करवाकर उप निदेशक (राजभाषा) को प्रस्तुत करना होगा । इस रिकार्ड के साथ ही प्रत्येक प्रतियोगी द्वारा अपने उक्त कार्य के पांच नमूनों की, जो गोपनीय किस्म के न हों, फोटो-प्रतियां भी संलग्न करनी होंगी ।

3. **मूल्यांकन :** इस प्रतियोगिता के अंतर्गत दिए जाने वाले पुरस्कारों का निर्णय एक मूल्यांकनकर्ता द्वारा किया जाएगा। ये पुरस्कार, हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार-वितरण-समारोह अथवा विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में प्रदान किए जाएंगे जिसके बारे में विजेताओं को अलग-से यथासमय सूचना दी जाएगी।

4. अनुरोध है कि मंत्रालय के सभी अधिकारी/कर्मचारीगण इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा इसमें भाग लेने के संबंध में सूचना 11.09.2023 तक राजभाषा प्रभाग को दें । **प्रतिभागी कृपया प्रतियोगिता अवधि की समाप्ति के पश्चात् एक सप्ताह के भीतर अर्थात 8.10.2023 तक हिंदी कार्य मासिक प्रतियोगिता संबंधी अपनी प्रविष्टियां संलग्न प्रपत्र में भरकर इस प्रभाग को अवश्य भिजवा दें।** अंतिम तारीख के उपरांत प्राप्त होने वाली प्रविष्टियों को अस्वीकार किया जा सकता है ।

5. इस प्रतियोगिता में राजभाषा प्रभाग के कार्मिकों तथा केन्द्रीय सचिवालय सेवा से जुड़े सभी श्रेणियों के आशुलिपिकों, निजी सचिवों, आदि को छोड़कर रक्षा मंत्रालय (सचिवालय) के सभी अधिकारी/कर्मचारी भाग लेने के पात्र हैं।

((नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी)
उप निदेशक (राजभाषा)
फोनः 23019547

रक्षा मंत्रालय (सचिवालय) के सभी अधिकारी एवं अनुभाग

र.मं.अं.वि. संख्या 8(1)/2023-रक्षा (रा.भा.1), दिनांक 10 अगस्त 2023